
# University in News on 14 July 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीबीए की प्रवेश परीक्षा संपन्न



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को तीसरे दिन बीबीए और एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। पहली पाली में आयोजित बीबीए की प्रवेश परीक्षा में 75 प्रतिशत और दूसरी पाली में हुई एलएलबी इंटीग्रेटेड की परीक्षा में 80 फीसदी अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह की पाली में कुलसचिव विनोद कुमार और दूसरी पाली में प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने परीक्षा का निरीक्षण किया। (संवाद)

## VoL PAGE 4

### लविवि में बीबीए और एलएलबी पंचवर्षीय परीक्षा सम्पन्न

लखनऊ। लविवि में शनिवार को प्रथम पॉली में बीबीए और द्वितीय पॉली एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। बीबीए की प्रवेश परीक्षा में जेके ब्लॉक का विश्वविद्यालय में कुलसचिव डा विनोद कुमार सिंह और डीन कला संकाय प्रो अरविन्द मोहन ने निरीक्षण किया जबकि एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर में प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने निरीक्षण किया। इस परीक्षा में बीबीए में 75 और एलएलबी पंचवर्षीय में 80 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में बीबीए और एलएलबी की परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को यूजी की प्रवेश परीक्षा हुई. पहली पाली में बीबीए की प्रवेश परीक्षा हुई जिसमें 75 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे. दूसरी पाली में एलएलबी इंटीग्रेटेड की प्रवेश परीक्षा हुइ जिसमें 80 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे.